

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी　मो. 9587570001　Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1　अंक : डिजिटल　बीकानेर : रविवार 06 सितम्बर 2026　पृष्ठ : 4　मूल्य : 1.00 रुपया


## उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात, बिहार में 6.65 लाख प्रभावित




### केदारनाथ यात्रा रोकी गई

( खबर आस पास )

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, जबकि भारी बारिश की चेतावनी के चलते कई जिलों में स्कूल बंद किए गए हैं। मध्यप्रदेश के 19 जिलों में शनिवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में अगले दो दिन मजबूत मौसम प्रणाली सक्रिय रहने की संभावना है। शिवपुरी और मुरैना समेत सात जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। राजस्थान में धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर में भारी बारिश का नारंगी अलर्ट है, जबकि 24 जिलों में पीला अलर्ट जारी किया गया है। जयपुर में रातभर हुई बारिश से तापमान में करीब सात डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। झालावाड़ में स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है।

# फिर बदला मौसम, कई जिलों में झमाझम बारिश

## जयपुर में पहली बार लगातार दूसरे दिन बरसे बादल; अलवर में सड़कें और खेत डूबे, बांध छलके तो नदियों में बढ़ा बहाव

( खबर आस पास )

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। जयपुर, अजमेर, दौसा, अलवर, बारां, भरतपुर, सवाई माधोपुर, धौलपुर, टोंक और कोटपूतली-बहरोड़ समेत कई जिलों में शनिवार को बारिश का दौर जारी रहा। लगातार बरसात के कारण कई शहरों में जलभराव की स्थिति बन गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों और नदी-नालों में पानी की आवक बढ़ गई। राजधानी जयपुर में शुक्रवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। इस मानसून में पहली बार जयपुर में लगातार दो दिन बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते अधिकतम तापमान में करीब 7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई और लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली।

### गंगापुर सिटी में मंदिर पर गिरी बिजली

सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे कुशालगढ़ स्थित बाबा श्याम मंदिर के हनुमानजी गुंबद पर बिजली गिर गई। इससे गुंबद का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सुबह के समय मंदिर परिसर खाली होने से बड़ा हादसा टल गया। धौलपुर के बाड़ी क्षेत्र में लगातार बारिश से रामसागर बांध ओवरफ्लो हो गया। बांध की रपट पर करीब डेढ़ फीट पानी की चादर चल रही है, जिससे बामणी नदी में भी तेज बहाव आ गया। बांध की भराव क्षमता 25.10 फीट है, जबकि शनिवार को जलस्तर 26.30 फीट दर्ज किया गया। भरतपुर के बयाना स्थित बंध बारैठा बांध के भी दो गेट खोले गए। कैचमेंट क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण बांध का गेज बढ़ा है। सवाई माधोपुर का मानसरोवर बांध भी छलक गया है।



### बारां में खतरे के निशान से ऊपर नदियां

**बारां** जिले में दो दिन से जारी बारिश के कारण नदी-नालों में तेज बहाव है। सिरसा नदी सहित कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शाहबाद क्षेत्र में चौराखेड़ी के पास रैपी नदी की पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग बाइक और पैदल पुलिया पार करते नजर आए। दौसा जिले में भी तेज बारिश से शहर और कस्बों में जलभराव हो गया। महवा की सब्जी मंडी सहित कई इलाकों में पानी भर गया।

### खंडार में 175 मिलीमीटर बारिश

सवाई माधोपुर के खंडार में 3 सितंबर शाम 6 बजे से 4 सितंबर शाम 6 बजे तक 175 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो इस अवधि में सबसे अधिक रही। बारां, कोटा, धौलपुर, भरतपुर, अलवर, दौसा और टोंक के कई हिस्सों में भी एक से तीन इंच तक बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ और बूंदी समेत कई क्षेत्रों में नदी-झरनों में पानी की आवक बढ़ी है।

### अलवर में दो फीट तक पानी, फसल खराब होने की आशंका

अलवर शहर और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार सुबह करीब ढाई से तीन घंटे तेज बारिश हुई। कई इलाकों में करीब दो फीट तक पानी भर गया। आसपास के गांवों में खेतों में पानी जमा होने से प्याज की फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। गंगापुर सिटी में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक रुक-रुककर बारिश हुई। नया बाजार, फव्वारा चौक, उदेई मोड़ और सालौदा समेत कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। कुछ कॉलोनियों में भी पानी पहुंचने से लोगों को परेशानी हुई।

### अजमेर में स्कूल की दीवार गिरी, तीन कारें क्षतिग्रस्त

अजमेर में शनिवार सुबह करीब 6 बजे प्लाजा सिनेमा के पास आर्य पुत्री स्कूल की दीवार बारिश के कारण ढह गई। दीवार के पास खड़ी तीन कारें मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। अजमेर में पिछले 24 घंटे में 24 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। न्यूनतम तापमान में करीब 3.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार में पीएम ने शिक्षकों से बातचीत

# मोदी ने पूछा पब्लिक स्पीकिंग में कैसे आए आत्मविश्वास, शिक्षिका ने बताया अभ्यास का मंत्र



### स्क्रीन टाइम, ड्रेस कोड और बच्चों के बदलते व्यवहार पर भी हुई चर्चा

( खबर आस पास )

**नई दिल्ली।** शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों के अनुभव जाने और शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल पर इस बातचीत का करीब पांच मिनट का वीडियो भी जारी किया गया।संवाद के दौरान प्रधानमंत्री ने एक महिला शिक्षक से पब्लिक स्पीकिंग को लेकर सवाल किया। उन्होंने शिक्षक से कहा कि यदि वे उनके विद्यालय के विद्यार्थी होते और एक अच्छा वक्ता बनना चाहते, तो उन्हें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। शिक्षक ने जवाब दिया कि सबसे पहले आत्मविश्वास होना जरूरी है। इस पर प्रधानमंत्री ने मुस्कुराते हुए पूछा कि आखिर यह आत्मविश्वास आएगा कैसे? शिक्षक ने बताया कि इसके लिए लगातार अभ्यास करना पड़ता है। इस वर्ष तीन अलग-अलग विभागों से कुल 82 शिक्षकों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनमें 48 स्कूली शिक्षक हैं। इसके अलावा उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक से 21 संकाय सदस्य तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से 13 कौशल प्रशिक्षक भी पुरस्कार के लिए चयनित हुए हैं।

### स्क्रीन टाइम को बताया एक तरह की लत

**प्रधानमंत्री** ने बातचीत में बच्चों के बढ़ते स्क्रीन टाइम का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि स्क्रीन टाइम एक तरह की लत बनता जा रहा है। बच्चों को इससे दूर करने के लिए उन्हें वास्तविक खेलों की ओर आकर्षित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि बच्चा खेलों में गहरी रुचि विकसित करता है और मैदान में जाकर वास्तविक खेल खेलता है, तो धीरे-धीरे वह वीडियो गेम और अत्यधिक स्क्रीन इस्तेमाल की आदत से बाहर आ सकता है।

### ड्रेस कोड और बच्चों के व्यवहार पर भी चर्चा

ड्रेस कोड के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ बड़े शहरों और विश्वविद्यालयों में यह विषय सामने आया है। कई बार जागरूकता की कमी के कारण समस्या पैदा होती है और कुछ मामलों में नियमों को पर्याप्त स्पष्टीकरण के बिना लागू कर दिया जाता है।

## यूपी: सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर की मस्जिद पर चला बुलडोजर



### प्रशासन की कार्रवाई के बीच इकरा हसन हाउस अरेस्ट ; मायावती ने कार्रवाई रोकने की मांग की

( खबर आस पास )

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित करीब 70 साल पुरानी मस्जिद को हटाने की कार्रवाई शनिवार तड़के शुरू हुई। प्रशासन की टीम छह बुलडोजरों के साथ सुबह करीब चार बजे मौके पर पहुंची। कुछ ही घंटों में मस्जिद का करीब 70 फीसदी हिस्सा ढहा दिया गया। किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए मौके पर पीएसी की पांच कंपनियों के साथ रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस के करीब 200 जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस ने मस्जिद के आसपास आवाजाही पर रोक लगा दी है। प्रशासन के अनुसार कार्रवाई मजिस्ट्रेट के आदेश के तहत की जा रही है। अदालत द्वारा मस्जिद को अवैध घोषित किए जाने के बाद इसे हटाने का आदेश जारी हुआ था। शुक्रवार रात करीब 11 बजे प्रशासन द्वारा मस्जिद गिराए जाने की सूचना तेजी से फैल गई थी। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।

प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की टीम ने पहुंचकर भीड़ को वहां से हटाया। इसी दौरान कार्रवाई का विरोध करने सहारनपुर आ रहीं कैराना सांसद इकरा हसन को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया।

## चौलानी नदी का रास्ता मलबे से बाधित

# नेपाल में बाढ़ के बीच दार्चुला में भूस्खलन, निचले इलाकों में अलर्ट

### त्रिशूली से तीन भारतीय समेत कई लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू, मृतकों का आंकड़ा 1344 पहुंचा

( खबर आस पास )

**काठमांडू/नई दिल्ली।** नेपाल में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत एवं बचाव अभियान लगातार जारी है। इसी बीच शुक्रवार को दार्चुला जिले में भारी भूस्खलन होने से चौलानी नदी का प्रवाह प्रभावित हो गया। नदी का रास्ता मलबे से रुकने के बाद निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया। हालांकि शनिवार को नदी का बहाव सामान्य बताया गया। उधर, त्रिशूली बाजार क्षेत्र से पांच साल के बच्चे समेत तीन भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक अब तक 169 भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा चुका है, जबकि 275 भारतीय अभी लापता हैं।



नेपाल पुलिस के अनुसार बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 1344 लोगों की मौत हो चुकी है। राहत एवं बचाव दलों ने करीब 12 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला है, जबकि 5300 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक आपदा से 32 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

### टूटे घर से 64 वर्षीय महिला को जिंदा निकाला

नुवाकोट में शनिवार को राहत दल ने मलबे में तब्दील एक घर से 64 वर्षीय महिला को जीवित बाहर निकाला। बचाव दल ने सबसे पहले महिला को पानी पिलाया और फिर उन्हें कंबल में लपेटकर बाहर निकाला। महिला को उपचार के लिए हेलिकॉप्टर से काठमांडू ले जाया जा रहा है। इसी बीच नेपाल सेना की टीम ने अपर त्रिशूली-1 जलविद्युत परियोजना की सुरंग से एक चीनी नागरिक को भी सुरक्षित निकाल लिया। वह भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ के बाद सुरंग में फंस गया था। भारत ने नेपाल में राहत और बचाव कार्य के लिए अब तक करीब 95 टन राहत सामग्री भेजी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह सामग्री सात विमानों के जरिए नेपाल पहुंचाई गई।

## दो साल से फरार यात्री जयपुर एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

( खबर आस पास )

**नई दिल्ली।** जयपुर एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह मस्कट से पहुंचे एक यात्री को गिरफ्तार किया। यात्री के खिलाफ सवाई माधोपुर पुलिस की ओर से लुक आउट नोटिस जारी था। करीब दो साल से फरार चल रहे यात्री की पहचान इमीग्रेशन जांच के दौरान हुई, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर एयरपोर्ट थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बाद में आरोपी को सवाई माधोपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस अब उसे संबंधित मामले में आगे की कार्रवाई के लिए अपने साथ ले गई है। एयरपोर्ट थाना प्रभारी विनोद कुमार के अनुसार, सवाई माधोपुर के सुरवाल गांव निवासी शाहरुख (32) पुत्र मोहम्मद हुसैन के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया था।

# जयपुर की 18 निकायों में 9 सितंबर को मतदान, 8 सितंबर को दो चरणों में रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

### चार दिन में प्रचार का अंतिम जोर; मतदान के बाद अलग-अलग निर्धारित केंद्रों पर जमा होंगी ईवीएम, यहीं होगी मतगणना

( खबर आस पास )

**जयपुर।** नगरीय निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मतदान की तैयारियां तेज हो गई हैं। जयपुर जिले की 18 नगरीय निकायों में पहले चरण का मतदान 9 सितंबर को होगा। ऐसे में चुनाव मैदान में मौजूद प्रत्याशियों के पास प्रचार के लिए अब महज चार दिन शेष हैं। जिला निर्वाचन शाखा ने भी मतदान प्रक्रिया को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। 8 सितंबर को सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन से इन 18 निकायों के लिए मतदान दल रवाना किए जाएंगे।




### सुबह 7 और 11 बजे रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**निर्वाचन** शाखा ने मतदान दलों को दो चरणों में रवाना करने की व्यवस्था की है। पहले चरण में शामिल पोलिंग पार्टियों को सुबह 7 बजे रिपोर्ट करना होगा। इसके बाद उन्हें ईवीएम और आवश्यक चुनाव सामग्री देकर संबंधित निकायों के लिए रवाना किया जाएगा। इस चरण में फागी, सांभर, किशनगढ़-रेनवाल, शाहपुरा, मनोहरपुर, नरायना, दूदू और चाकसू सहित निर्धारित निकायों के मतदान दल शामिल रहेंगे। दूसरे चरण में शामिल मतदान दलों को सुबह 11 बजे रिपोर्ट करना होगा। इसके बाद खेजरोली, जोबनेर, चौंमू, कालाडेरा, बगरू, बस्सी, कानोता, जमवारामगढ़ और वाटिका के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

## मोबाइल खोते ही सिम और आईएमईआई कराएं ब्लॉक

# राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी: बैंकिंग, यूपीआई और निजी डेटा सुरक्षित करने के लिए तत्काल उठाएं कदम

( खबर आस पास )

**जयपुर।** मोबाइल फोन गुम या चोरी होने की स्थिति में केवल उसे तलाशना ही पर्याप्त नहीं है। मोबाइल में बैंक खातों, यूपीआई, ई-मेल, सोशल मीडिया, ओटीपी और निजी दस्तावेजों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी रहती है। ऐसे में फोन हाथ से निकलते ही डिजिटल खातों और निजी डेटा को सुरक्षित करना बेहद जरूरी है। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को साइबर ठगी और व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग से बचाने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर जारी इस एडवाइजरी में एडीजी साइबर क्राइम वीके सिंह ने मोबाइल गुम होने के बाद तत्काल और सही क्रम में कार्रवाई करने की सलाह दी है।




पुलिस ने सलाह दी है कि मोबाइल गुम होने के तुरंत बाद संबंधित दूरसंचार कंपनी से संपर्क कर सिम कार्ड बंद कराएं। इसके बाद मोबाइल का आईएमईआई नंबर ब्लॉक कराने की प्रक्रिया शुरू करें, ताकि गुम हुए उपकरण का गलत इस्तेमाल रोका जा सके। मोबाइल से जुड़े बैंकिंग और डिजिटल भुगतान खातों की भी तत्काल जांच करें। आवश्यकता होने पर बैंक, यूपीआई और अन्य वित्तीय सेवाओं से जुड़े खातों को सुरक्षित करें तथा संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर संबंधित संस्था को तुरंत सूचना दें।

### ई-मेल, सोशल मीडिया और जरूरी खातों के पासवर्ड बदलें

मोबाइल गुम होने के बाद ई-मेल, सोशल मीडिया और अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल खातों के पासवर्ड बदल देना चाहिए। जहां संभव हो, सभी सक्रिय सत्रों से लॉगआउट करें और अतिरिक्त सुरक्षा के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण सक्रिय करें। यदि मोबाइल में निजी दस्तावेज, फोटो या अन्य संवेदनशील जानकारी मौजूद है तो उन्हें सुरक्षित करने के लिए उपलब्ध दूरस्थ सुरक्षा सुविधाओं का इस्तेमाल करें।

# सीजेपी कार्यकर्ता के पिता से मारपीट के आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज गिरफ्तार, कोर्ट ने एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा

### स्वतंत्र के समर्थन में हिंदू संगठनों का थाने के बाहर प्रदर्शन

( खबर आस पास )

**नई दिल्ली।** सीजेपी कार्यकर्ता नीशू आजाद के पिता संजय कुमार से कथित मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्र भारद्वाज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शनिवार को उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में वर्चुअली पेश किया, जहां से अदालत ने एक दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की। स्वतंत्र को एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से पकड़ा गया था। स्वतंत्र की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीजेपी नेताओं और समर्थकों ने शुक्रवार को पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने के बाहर करीब तीन घंटे प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के बाद पुलिस ने 72 घंटे के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इसके बाद शनिवार को स्वतंत्र की गिरफ्तारी की गई। इधर, गिरफ्तारी के विरोध में स्वतंत्र के समर्थन में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने के बाहर पहुंचे और प्रदर्शन किया।

### दो दिन में बदला घटनाक्रम

**4 सितंबर:** नीशू आजाद और उनके पिता के समर्थन में सीजेपी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने के बाहर प्रदर्शन किया।

**5 सितंबर:** स्वतंत्र भारद्वाज के समर्थन में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन दक्ष चौधरी के आह्वान पर किया गया।

## जी समूह के संस्थापक सुभाष चंद्रा पर सीबीआई की एफआईआर

# 1322 करोड़ से ज्यादा के ऋण में धोखाधड़ी का आरोप

( खबर आस पास )

**नई दिल्ली।** जी समूह के संस्थापक और एस्सेल समूह के प्रमुख सुभाष चंद्रा समेत चार लोगों के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 1322 करोड़ रुपए से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। यह कार्रवाई एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की शिकायत के आधार पर की गई है। मामले में सुभाष चंद्रा के अलावा पंकज सुरोलिया, अमिश पांड्या और राजीव ढोलकिया को आरोपी बनाया गया है। शिकायत के मुताबिक, आरोपियों पर वर्ष 2018 से 2026 के बीच धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और आपराधिक साजिश से जुड़े आरोप हैं। एलआईसी का आरोप है कि सुभाष चंद्रा ने अपनी कंपनियों के लिए ऋण हासिल करने के दौरान एक कथित फर्जी नेटवर्थ प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया था।



इसमें उनकी व्यक्तिगत कुल संपत्ति 59,113 करोड़ रुपए बताई गई थी। इसी आधार पर एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने उनकी कंपनियों को 1322 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण दिया। सुभाष चंद्रा से जुड़ी दिवालिया प्रक्रिया पहले भी विवादों में रही है। बताया गया कि करीब 22,000 करोड़ रुपए की देनदारी के मुकाबले उन्होंने केवल 6.5 करोड़ रुपए देकर मामला समाप्त करने का प्रस्ताव रखा था। राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण की एकल पीठ ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।

### नेटवर्थ को लेकर उठे सवाल

**शिकायत** के अनुसार, वर्ष 2018 में 'मेसर्स वसंत सागर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड' सहित अन्य कंपनियों के लिए ऋण लिया गया था। ऋण मंजूर कराने के लिए प्रस्तुत प्रमाणपत्र में चंद्रा की व्यक्तिगत संपत्ति 59,113 करोड़ रुपए दर्शाई गई। बाद में एस्सेल समूह की कंपनियां कर्ज चुकाने में असमर्थ रहीं और सुभाष चंद्रा के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू हुई। इसी दौरान चंद्रा ने कथित तौर पर प्रमाणपत्र में दिखाई गई संपत्ति से खुद को अलग बताया। उनके अनुसार, वर्ष 2024 में उनकी वास्तविक कुल नेटवर्थ 31.79 करोड़ रुपए थी। उन्होंने यह भी दावा किया था कि वर्ष 2017-18 में भी उनकी संपत्ति 40,000 करोड़ रुपए से अधिक नहीं थी।

### गिद्ध संरक्षण एवं पर्यावरण पर राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

## 250 विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों ने गिद्धों के संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन में उनकी भूमिका पर किया मंथन



**(खबर आस पास), बीकानेर।** राजकीय डूंगर कॉलेज के प्राणिशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित गिद्ध संरक्षण एवं पर्यावरण विषयक राष्ट्रीय सेमिनार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सेमिनार में देश-विदेश से आए करीब 250 विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों ने पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित बनाए रखने में गिद्धों की महत्वपूर्ण भूमिका तथा उनके संरक्षण के उपायों पर गहन मंथन किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अखिल रंजन के अलावा डॉ. प्रताप सिंह, डॉ. पंकज गोस्वामी एवं प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित बतौर अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन सचिव डॉ. आनंद कुमार ने सेमिनार की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गिद्धों की भूमिका को रेखांकित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डॉ. अखिल रंजन ने गिद्धों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए इनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रभावी प्रयासों की आवश्यकता बताई। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रताप सिंह ने पश्चिमी राजस्थान, विशेष रूप से जोड़बीड़ क्षेत्र में गिद्धों की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। वहीं, प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने प्राकृतिक सफाईकर्मी के रूप में गिद्धों की पारिस्थितिक उपयोगिता एवं पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### तकनीकी सत्रों में संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

सेमिनार के प्रथम तकनीकी सत्र में बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के सचिन रानडे ने कैप्टिव ब्रीडिंग के माध्यम से गिद्धों की आबादी बढ़ाने के सफल प्रयासों एवं इसके विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा की। द्वितीय सत्र में प्रो. अनिल छंगाणी ने भारत में गिद्धों की वर्तमान स्थिति तथा उनके संरक्षण के भावी परिदृश्य पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र में हेमंत वाजपेयी ने पिंजौर स्थित गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र के अनुभवों को साझा करते हुए गिद्धों के प्रजनन एवं उत्तरजीविता से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी।

### लघु फिल्म से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सेमिनार के दौरान शोधार्थी अदनान द्वारा प्लास्टिक कचरे से गायों एवं गिद्धों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक दुष्प्रभावों पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। फिल्म के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों एवं पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता का प्रभावी संदेश दिया गया, जिसे प्रतिभागियों ने सराहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. बलराम सांई ने किया। अंत में डॉ. अर्चना पुरोहित ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## आयुष स्टेट कोटा काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

### बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस, बीवाईएमएस में प्रवेश के लिए 9 सितम्बर तक होंगे रजिस्ट्रेशन

**(खबर आस पास), कोटा.** राजस्थान राज्य यूजी आयुष काउंसलिंग बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएएमएस/बीएचएमएस/बीयूएमएस/ बीवाईएमएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑल इंडिया कोटा, राज्य कोटा तथा एनआरआइ कोटा की प्रथम राउंड काउंसलिंग का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि काउंसलिंग बोर्ड की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम राउंड के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन प्रक्रिया 4 सितंबर से प्रारम्भ होकर 9 सितंबर तक चलेगी। सामान्य, ओबीसी, एमबीसी एवं ईडब्ल्यूएस केटेगरी के कैंडिडेट्स को 2000 तथा एससी, एसटी एवं एसटीए वर्ग के कैंडिडेट्स को 1500 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस जमा करनी होगी।

### यह रहेगा कार्यक्रम

विशेष श्रेणी के विद्यार्थियों (पीडब्ल्यूडी , डिफेन्स/पेरा मिलिट्री एवं एनआरआइ कैंडिडेट्स) की प्रोविजनल लिस्ट 10 सितंबर को शाम 5 बजे बाद वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। ओरिजनल डाक्यूमेंट्स के साथ 12 सितंबर को जयपुर स्थित काउंसलिंग बोर्ड कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन कराना होगा।

12 सितम्बर शाम 6 बजे बाद प्रथम राउंड की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट, सीट मैट्रिक्स तथा फीस स्ट्रक्चर भी जारी किया जाएगी।

13 से 17 सितंबर तक चॉइस फिलिंग एवं लॉकिंग की प्रक्रिया संचालित होगी।

कैंडिडेट्स को 25 हजार रुपए काउंसलिंग शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।

अंतिम तिथि तक कैंडिडेट्स अपनी पसंद में कई बार संशोधन कर सकेंगे। जबकि 17 सितंबर की रात 11:59 बजे चॉइस ऑटो लॉक हो जाएगी ।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली रिटर्निंग अधिकारियों और विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों-सहप्रभारियों की बैठक

# अब तक की प्रगति की ली जानकारी, निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गंभीरता से कार्य करने के दिए निर्देश



**(खबर आस पास), बीकानेर।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निशान्त जैन ने शनिवार को समस्त रिटर्निंग अधिकारियों और विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों-सहप्रभारियों की बैठक ली। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने सभी प्रकोष्ठों द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा की और कहा कि स्वतंत्र एवं भयमुक्त निर्वाचन हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रकोष्ठ प्रभारी और सहप्रभारी, अन्य अधिकारियों से समन्वय रखते हुए सभी कार्य समयबद्ध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक स्थिति पर नजर रखें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के गठन एवं प्रशिक्षण, दोनों चरणों के लिए मतदान दलों की रवानगी एवं अंतिम प्रशिक्षण, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों के चिह्नीकरण, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एरिया मजिस्ट्रेट की नियुक्ति तथा इनके अपने क्षेत्र में भ्रमण, ईवीएम कमीशनिंग आदि की समीक्षा की। उन्होंने सामान्य व्यवस्था एवं भंडार प्रकोष्ठ सहित प्रत्येक प्रकोष्ठ से व्यवस्थाओं संबंधी फीडबैक लिया। मतगणना के दौरान व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अंतिम 48 घंटे में आचार संहिता की पालना का विशेष ध्यान रखा जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नियंत्रण कक्ष पूर्णतया मुस्तैद रहे तथा सटीक कम्यूनिकेशन प्लान बनाया जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कम्यूनिकेशन हो सके। राज्य निर्वाचन आयोग के किसी भी निर्देश की अवहेलना नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री मृदुल कच्छावा ने पुलिस बंदोबस्त और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए ईवीएम सुरक्षा प्रोटोकॉल पर विशेष बल दिया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय रखें तथा समय रहते प्रत्येक मतदान केन्द्र की संयुक्त 'सिक्योरिटी ऑडिट' कर ली जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पर्याप्त जाब्ता तैनात किया जाएगा। क्रिटिकल बूथों पर विशेष मुस्तैदी रहेगी तथा पुलिस द्वारा निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में तैयार कार्ययोजना के बारे में बताया। बैठक में बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती स्नेहल धायगुडे नाना, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती शैलजा पांडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उम्मेद सिंह रतनू, एडीएम सिटी श्रीमती रीना, एसडीएम सुश्री महिमा कसाना, जिला निर्वाचन कार्यालय में विशेषाधिकारी सुश्री स्वाति शर्मा, प्रशिक्षु आइएएस श्री मनु गर्ग सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी और समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी-सहप्रभारी मौजूद रहे।

## साइबेरिया से थार पहुंचे कुरजां, तालाबों पर गूंज रहा कलरव



**(खबर आस पास), जैसलमेर.** साइबेरिया क्षेत्र से हजारों किलोमीटर का सफर तय कर प्रवासी पक्षी कुरजां का थार आना शुरू हो गया है। लाठी क्षेत्र में करीब एक सप्ताह से आसमान में मंडरा रहे कुरजां के झुंडों ने अपने पारंपरिक पड़ाव तलाश लिए हैं। खेतोलाई और चाचा गांव के समीप तालाबों पर बड़ी संख्या में कुरजां नजर आ रहे हैं। इससे पक्षी प्रेमियों में भी उत्साह है। वन्यजीव विभाग रेंज पोकरण के सहायक वनपाल कमलेश विश्नोई ने बताया कि गश्त के दौरान खेतोलाई और चाचा गांव के समीप तालाबों पर बड़ी संख्या में कुरजां विचरण करते मिले। उनके अनुसार करीब दो सप्ताह पहले जैसलमेर क्षेत्र के आसमान में इनकी उड़ान दिखाई देने लगी थी। अब ये धीरे-धीरे अपने पसंदीदा पड़ावों पर उतर रहे हैं।

कुरजां हर वर्ष हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर साइबेरिया क्षेत्र से भारत पहुंचते हैं। प्रवास के दौरान खुले मैदान, जलस्रोत और समतल क्षेत्र इनके पड़ाव बन जाते हैं। करीब दो से ढाई किलोग्राम वजनी कुरजां सामूहिक उड़ान और विशिष्ट स्वर से पक्षी प्रेमियों को आकर्षित करते हैं।

लाठी क्षेत्र में खेतोलाई, लाठी, भादरिया, चाचा, धोलिया, डेलासर और लोहटा सहित कई गांवों के तालाब और खडीन इनके प्रमुख पड़ाव माने जाते हैं। इन क्षेत्रों में जलस्रोत और आसपास के कृषि क्षेत्र होने से कुरजां को भोजन और पानी आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

### भोजन में घास, कीट और मतीरे की फसल

सहायक वनपाल कमलेश विश्नोई के अनुसार कुरजां का प्रमुख भोजन मोतिया घास और जलस्रोतों के आसपास मिलने वाले छोटे कीट हैं। लाठी क्षेत्र में होने वाली मतीरे की फसल भी इनके भोजन का हिस्सा है। यही कारण है कि तालाबों, खडीनों और कृषि क्षेत्रों के आसपास इनके झुंड दिखाई देते हैं।

## आधी रात स्कूल से पैदल निकले छात्र, मचा हड़कंप

### एकलव्य आवासीय स्कूल में अव्यवस्थाओं पर हंगामा

**(खबर आस पास), डूंगरपुर।** धंबोला. एकलव्य आवासीय स्कूल में व्यवस्थाओं और स्टाफ के कथित व्यवहार से नाराज विद्यार्थियों ने शुक्रवार रात जमकर हंगामा किया। भोजन की गुणवत्ता, खाद्य सामग्री देने में कथित भेदभाव, बाथरूम में पानी की समस्या तथा मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोप लगाते हुए बड़ी संख्या में विद्यार्थी आधी रात को स्कूल से पैदल निकल गए। करीब तीन किलोमीटर दूर तहसील कार्यालय के पास मंदिर परिसर में विद्यार्थियों के पहुंचने की सूचना पर पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही तहसीलदार राजकुमार, डीएसपी मदनलाल बिश्नोई, धंबोला थाना अधिकारी चंद्रशेखर किलानिया सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। विद्यार्थियों ने संबंधित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई करने तथा छात्रावास की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग रखी।

## अतिक्रमण व भ्रष्टाचार मुक्त शहर प्राथमिकता: बेनीवाल

**(खबर आस पास), नागौर।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सुप्रीमो व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने शनिवार को नागौर, जायल व मूण्डवा में निकाय चुनाव के तहत चुनावी सभाएं की। उन्होंने नागौर के एक वार्ड में मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यहां बोर्ड चाहे भाजपा का बना हो या फिर कांग्रेस और निर्दलीयों का, नगर परिषद में न तो भ्रष्टाचार कम हुआ और न ही सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटे। उन्होंने शहर को अतिक्रमण मुक्त करने, सड़कों के विकास, तालाबों के सौंदर्यीकरण तथा बारिश के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने की बात कही।

## रेलवे ट्रैक किनारे मिला पैंथर का शव

**(खबर आस पास), अदवास (सलूंबर)।** उदयपुर-अहमदाबाद रेल खंड पर नाकोली गांव में रेलवे ट्रैक के निकट शनिवार तड़के 8 साल के नर पैंथर का शव मिला।?सूचना पर पहुंची टीम ने पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पैंथर की मौत रात्रि में किसी ट्रेन की चपेट से हुई है।

## ईवीएम का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन, कमीशनिंग के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को किया सुपुर्द



**(खबर आस पास), बीकानेर।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के संदर्भ में बीकानेर नगर निगम और नापासर, खाजूवाला, लूणकरणसर, नोखा, देशनोक और श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिकाओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का द्वितीय रेण्डमाइजेशन शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निशान्त जैन के निर्देशन में जनप्रतिनिधियों और समस्त रिटर्निंग अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। द्वितीय रेण्डमाइजेशन के दौरान मतदान केन्द्रों के लिए 689 बैलेट यूनिट तथा 682 कंट्रोल यूनिट आवंटित की गई। वहीं 137 बैलेट यूनिट और 144 कंट्रोल यूनिट आरक्षित रखी गई हैं। नापासर के वार्ड 20 और 24 तथा बीकानेर नगर निगम के वार्ड 69 में निर्विरोध निर्वाचन होने के कारण इन वार्डों के मतदान कन्द्रों को द्वितीय रेंडमाइजेशन के दौरान हटा दिया गया। इसी प्रकार नगर निगम बीकानेर के वार्ड संख्या 2 में प्रत्याशियों की संख्या 15 होने के कारण इस वार्ड के सभी मतदान केन्द्रों पर दो-दो बीयू आवंटित की गई। उल्लेखनीय है कि पहला रेण्डमाइजेशन 27 अगस्त को किया गया था। इस दौरान प्रत्येक नगरीय निकाय के लिए मतदान केन्द्रों की संख्या से बीस प्रतिशत अधिक कुल 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट (बीयू) और कंट्रोल यूनिट (सीयू) आवंटित की गई। शनिवार को द्वितीय रेण्डमाइजेशन के पश्चात नगरीय निकाय वार ईवीएम को संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को कमीशनिंग के लिए सुपुर्द कर दी गईं। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी से श्री चम्पालाल गेदर एवं श्री दुर्गेश राजपुरोहित, कांग्रेस से श्री प्रहलाद सिंह मार्शल, कम्प्यूनिस्ट पार्टी के श्री बजरंग छींपा, आरएलपी के श्री दानाराम और श्री हनुमान मौजूद रहे। वहीं बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती स्नेहल धायगुड़े नाना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उम्मेद सिंह रतनू, अतिरिक्त कलक्टर (नगर) श्रीमती रीना, उपखण्ड अधिकारी सुश्री महिमा कसाना, जिला निर्वाचन कार्यालय में विशेषाधिकारी सुश्री स्वाति शर्मा, ईवीएम प्रकोष्ठ प्रभारी श्री सुभाष बिजारणिया, सहप्रभारी श्री

## आठवें दिन भी नहीं हुआ अंतिम संस्कार, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**कोटड़ा (उदयपुर)।** कस्बे में रक्षाबंधन के दिन चाकू से हमले में घायल गांधीसरना निवासी उमेश गमार की उपचार के दौरान मौत के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के आठ दिन बाद भी मृतक के शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन शव का दाह संस्कार करने से इनकार कर रहे हैं। शव कोटड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखा हुआ है। मृतक के परिजनों का कहना है कि जब तक हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

परिजन लगातार पुलिस-प्रशासन से आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इधर, हत्या के मामले में पुलिस द्वारा कुछ संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए थाने लाए जाने की सूचना पर दूसरे पक्ष के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने युवकों को निर्दोष बताते हुए पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग कोटड़ा थाने के सामने गांधी मैदान में जुट गए।

## खेत में सो रहे दो बच्चों की सर्पदंश से मौत, महिला अस्पताल में भर्ती

**कोटा.** नांता थाना क्षेत्र में खेतों में रह रहे परिवारों के दो बच्चों की सर्पदंश से मौत हो गई। वहीं एक महिला का अस्पताल में उपचार जारी है। पहली घटना बड़गांव पुलिस चौकी के पास एक खेत में हुई, जहां शुक्रवार रात में सो रहे 5 वर्षीय बच्चे और उसकी मां को सांप ने डस लिया। वहीं दूसरी घटना पारसनाथ कॉलोनी के पास खेत में हुई, जहां सुबह उठने के बाद 7 वर्षीय बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे सर्पदंश की पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि मनप्रीत सरदार के बड़गांव चौकी के पास स्थित खेत में रहने वाले बारां जिले के किशनगंज तहसील के तोडिया निवासी 5 वर्षीय प्रशांत पुत्र राम सिंह सहरिया और उसकी मां रामप्यारी बाई को सांप ने डस लिया है। दोनों को सुबह करीब 6.30 बजे एमबीएस अस्पताल लाया गया। उपचार के दौरान प्रशांत की मौत हो गई। रामप्यारी बाई का उपचार जारी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों ने लिया मतदान जागरूकता का संकल्प

### स्वीप के तहत देवीकुंड सागर में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

### - विद्यार्थियों ने स्वयं मतदान करने और दूसरों को प्रेरित करने का दिया संदेश



**(खबर आस पास), बीकानेर।** स्वीप के अंतर्गत शनिवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के देवीकुंड सागर स्थित मंडल स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन एवं स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती शैलजा पांडे के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर्स ने भाग लेकर मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। स्वीप सह प्रभारी एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेश बिश्नोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर्स सबसे पहले स्वयं मतदान करें और अपने परिजनों, मित्रों एवं पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड में सेवा, सहयोग और नेतृत्व की भावना विकसित की जाती है। मतदान लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है, इसलिए मतदान के दिन सेवा और सहयोग की भावना के साथ अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। स्वीप समन्वयक श्री प्रशांत जोशी एवं सह समन्वयक श्री गोपाल जोशी ने स्वीप के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से मतदान दिवस पर बुजुर्ग एवं जरूरतमंद मतदाताओं को मतदान में सहयोग करने तथा अपने आसपास के आमजन को भी अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इससे पूर्व स्काउट के सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री रामजस लिखाला ने स्वीप टीम का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थी मतदान जागरूकता अभियान में पूर्ण सहयोग करेंगे। सीओ स्काउट श्री जसवंत सिंह राजपुरोहित ने स्वागत भाषण देते हुए मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्वीप टीम के श्री सुधीर मिश्रा, श्री हीरालाल, श्री रामकिशन, श्री अमरदीप गोदारा एवं श्री बजरंग लाल सहित स्काउट एवं गाइड से जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री सुगनाराम चौधरी, गाइडर श्री संतोष रंगा एवं स्काउटर श्री गोपी प्रजापत सहित बड़ी संख्या में स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात रोवर, रेंजर्स एवं स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने वैष्णों धाम के आसपास के विभिन्न मोहल्लों में जनसंपर्क कर आमजन से मतदान करने की अपील की। विद्यार्थियों ने लोगों को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए आगामी नगरीय निकाय चुनाव में लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया।

## 225 नए दवा केंद्रों से बदलेगी सरकारी अस्पतालों की तस्वीर

### प्रदेश के 30 जिलों में 225 नए फार्मासिस्ट के पद भी स्वीकृत

**(खबर आस पास), बालोतरा।** सरकारी अस्पतालों में दवा लेने के लिए मरीजों की भटकन कम करने और वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों और जिला अस्पतालों सहित 225 नए दवा वितरण केंद्र (डीडीसी) स्थापित करने के साथ इनके संचालन के लिए 225 नए फार्मासिस्ट के पद स्वीकृत किए हैं। एक सितंबर 2026 को जारी सूची में केंद्रों के लिए भवन, फर्नीचर और उपकरण की व्यवस्था का प्रावधान भी किया गया है।

### जयपुर सबसे आगे, जोधपुर को 20 पद

जिलावार आवंटन में जयपुर को सर्वाधिक 45 फार्मासिस्ट पद मिले हैं। इनमें सवाई मानसिंह अस्पताल को अकेले 20, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अस्पताल को सात, जेके लोन अस्पताल को चार तथा गणगौरी अस्पताल और एसआर गोयल अस्पताल को दो-दो पद दिए गए हैं। सिरोही, नागौर और धौलपुर को सबसे कम दो-दो पद मिले हैं।

यानी सर्वाधिक और न्यूनतम आवंटन में 43 पदों का अंतर है। पश्चिमी राजस्थान में जोधपुर को 20 पद मिले हैं। वहीं पाली को छह, जबकि बाड़मेर और जैसलमेर को पांच-पांच तथा सिरोही को दो पद मिले हैं। बाड़मेर के राजकीय अस्पताल और जैसलमेर के जवाहर जिला अस्पताल में पांच-पांच नए दवा वितरण केंद्र और फार्मासिस्ट पद होंगे।

### इन जिलों में स्वीकृत पद

नई व्यवस्था में जोधपुर, उदयपुर, कोटा और बीकानेर के प्रमुख अस्पतालों को भी योजना में शामिल किया गया है। जिलावार आंकड़ों में अजमेर और उदयपुर को 13-13, बीकानेर 12, कोटा 11, टोंक व झुंझुनूं आठ-आठ, श्रीगंगानगर सात तथा सवाई माधोपुर व हनुमानगढ़ को पांच-पांच पद मिले हैं। सूची में कुल 225 केंद्र और 225 फार्मासिस्ट पद हैं, यानी प्रत्येक नए दवा वितरण केंद्र के साथ एक फार्मासिस्ट पद का प्रावधान किया गया है।